वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 81 | सोमवार 15 जुलाई 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# प्लास्टिक मुक्त राज्य की ओर राजस्थान

## राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल प्रत्येक व्यक्ति तक कपड़े के थैले पहुंचाने के लिए कर रहा है सार्थक प्रयास



**जयपुर. कासं।** राजस्थान को प्रदूषण एवं प्लास्टिक मुक्त करने की दिशा में राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा लगातार सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए मंडल के अधिकारी घर-घर जाकर कपडे के थैले वितरित करने के साथ प्लास्टिक कैरी बैग्स एवं प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की शपथ भी दिला रहे हैं। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव एन विजय ने बताया कि गत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंडल के अधिकारियों द्वारा राज्य को प्रदूषण एवं प्लास्टिक मुक्त करने की दिशा में कई प्रकार के नवाचार एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आमजन को जागरूक करने का प्रयास किया गया था। जिसके तहत प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग्स की जगह कपड़े के थैले व्यापक स्तर पर वितरित करने का कार्य भी किया गया था। तब ही से मंडल अधिकारियों द्वारा घर - घर जाकर कपड़े के थैले वितरित कर प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया जा रहा है ताकि समाज का प्रत्येक व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन में अहम भूमिका निभा सके। इस के साथ ही आमजन के सहयोग से पौधारोपण का कार्य भी किया जा रहा है ताकि प्रदूषण एवं प्लास्टिक मुक्त के साथ हरित राज्य की संकल्पना को साकार करने की ओर हम अग्रसर हो। इस मुहिम के दौरान मंडल की वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता शशि चौधरी ने इंदिरा नगर, हिम्मत नगर एवं टोंक रोड सहित विभिन्न स्थानों पर घर– घर जाकर कपड़े के थैलों का वितरण किया, साथ ही स्थानीय पार्कों एवं अन्य स्थानों पर स्थानीय लोगों के सहयोग से पौधारोपण का कार्य भी किया। इस दौरान श्रीमती शशि ने आमजन को प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग नहीं करने को लेकर शपथ दिलवाई तथा कहा कि स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन में आमजन की अहम भूमिका है इसलिए अपने आस -पास एवं समाज के अन्य नागरिकों को जागरूक करने का हर किसी को प्रयास करना चाहिए। इस दौरान जब हर घर–घर जाकर कपड़े के थैले दिए गए तो बच्चों से लेकर वरिष्ठजनों तक सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास किया तथा थैले पाकर उनके चेहरे खिल उठे।

### उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने कहा...

# बजट घोषणाओं शीघ्र पूरा करने में तत्परता से जुट जाएं सभी अधिकारी



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राज्य सरकार की बजट घोषणाओं के बाद अब पूरी प्रशासनिक मशीनरी तेजी से इन घोषणाओं के त्वरित क्रियान्वयन में जुट गई है। रविवार को उप मुख्यमंत्री और राजसमंद जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने राजसमंद का दौरा कर कलेक्ट्रेट में अधिकारियों की बैठक ली और बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के सम्बन्ध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत-2047' अभियान एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के 'आपणो अग्रणी राजस्थान' की संकल्पना को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। बजट में प्रदेश के लिए ऐतिहासिक घोषणाएं की गई है जो सर्व जन कल्याण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। बैठक के दौरान उप मुख्यमंत्री ने सभी विभागों की घोषणाओं पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और आगे की तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को भूमि चिन्हित करने से लेकर घोषणाओं को धरातल पर उतारने तक के कार्य को बिना विलंब के पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस बैठक में राजसमंद विधायक श्रीमती दीप्ति माहेश्वरी, कुंभलगढ़ विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़, जिला प्रमुख श्रीमती रतनी देवी, जिला प्रभारी सचिव विकास सीताराम भाले, जिला कलक्टर डॉ. भंवर लाल, समाजसेवी मान सिंह बारहठ, पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक सहित अन्य मौजूद रहे। एडीएम नरेश बुनकर ने बैठक में पीपीटी प्रेजेंटेशन दिया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वे त्याग और शौर्य की भूमि राजसमंद के प्रभारी मंत्री बनने पर हर्ष की अनुभूति कर रहे हैं एवं वे राजसमंद के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने विशेष रूप से उन घोषणाओं पर जोर दिया जो स्थानीय जनता के जीवन स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि बजट घोषणाओं का लाभ आम जनता तक जल्द से जल्द पहुँचे। इसके लिए सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय और तत्परता से कार्य करने की आवश्यकता है। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आश्वासन दिया कि सरकार उनकी हर संभव मदद करेगी ताकि सभी परियोजनाएं समय पर पूरी हो सकें। इसके अलावा उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने ग्रामीण और शहरी विकास के लिए शुरू की गई योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पानी, बिजली और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता है। डॉ. बैरवा की इस बैठक ने अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों में नई ऊर्जा का संचार किया और सभी ने मिलकर राजसमंद के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान डॉ. बैरवा ने अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारियों की प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और तत्परता से निभाएं और सुनिश्चित करें कि राज्य सरकार की सभी योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ जनता तक शीघ्रता से पहुँचे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारियों को यह ध्यान रखना चाहिए कि उनके द्वारा लिए गए निर्णय और किए गए कार्य सीधे तौर पर आमजन के जीवन को प्रभावित करते हैं इसलिए हर अधिकारी को आमजन के प्रति सदैव संवेदनशील और चिंतित रहना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से जनसुनवाई करें और जनता की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निवारण करें। बैठक में प्रभारी सचिव विकास सीताराम भाले ने भी अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं को लेकर चर्चा की।

# जैन धर्म के शाश्वत पर्व आठ दिवसीय अष्टानिका महापर्व का हुआ शुभारंभ



## सिद्ध चक्र महामण्ड्ल विधान पूजा में चढाये 8 अर्घ्य, दिगम्बर जैन मंदिरों में हुए विशेष धार्मिक आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन धर्म के आठ दिवसीय शाश्वत पर्व अष्टानिका महापर्व का रविवार, 14 जुलाई को शुभारंभ हुआ ।इस दौरान शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना सहित धार्मिक आयोजनों की धूम रही।राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा' के अनुसार अष्टानिका महापर्व के मौके पर दिगम्बर जैन मंदिरों में श्री सिद्ध चक्र महामण्ड्ल विधान पूजा एवं विश्व शांति महायज्ञ, श्री नन्दीश्वर महामण्ड्ल विधान पूजा सहित सायकांल सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये । आठ दिनों तक धर्म की गंगा बहेगी।रविवार, 14 जुलाई को ध्वजारोहण से अष्टानिका महापर्व का शुभारंभ हुआ । अभिषेक, शांतिधारा के बाद नित्य नियम पूजा की गई। तत्पश्चात श्री सिद्ध चक्र महामण्ड्ल विधान पूजा में मण्डल पर मंत्रोच्चार के साथ 8 अर्घ्य चढाये गये।महाआरती के बाद समापन हुआ ।सायंकाल श्री जी की आरती के बाद भक्तामर स्तोत्र दीप महाअर्चना अनुष्ठान एवं भक्ति संध्या के आयोजन किए गए। जैन के मुताबिक सोमवार, 15 जुलाई को प्रातः अभिषेक, शांतिधारा के बाद भगवान की नित्य नियम पूजा की जाएगी।तत्पश्चात श्री सिद्ध चक्र महामण्ड्ल विधान पूजा में 16 अर्घ्य चढाये जाएंगे। अष्टानिका महापर्व का रविवार, 21 जुलाई को विश्व शांति महायज्ञ के साथ समापन होगा। जैन के मुताबिक गोपालजी का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर कालाडेरा, टोडरमल स्मारक, भट्टारक जी की नसियां, श्यामनगर, तारों की कूट पर सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, आगरा रोड पर खानिया स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी पर पाटनी परिवार के नेतृत्व में , अग्रवाल फार्म स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन कांच वाला मंदिर थड़ी मार्केट सहित कई मंदिरों में श्री सिद्ध चक्र महामण्ड्ल विधान पूजा के आयोजन किए गए।

# वैधराज श्री सुशील कुमार जी साह पंचतत्व में लीन

## जैन समाज का मसीहा चला गया, जयपुर सहित पूरे देश विदेश में फैली शोक की लहर



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** परम मुनि आर्यिका भक्त जैन संतों की वैय्या वृत्ति, निस्वार्थ भावना से आयुर्वेद के माध्यम से जैन संतों सहित लाखों लोगो के रोगो का निदान चिकित्सा करने वाले जैन समाज का मसीहा अब हमारे बीच नहीं रहा।. हम सब के श्रद्धेय पापा साहब वैध राज सुशील कुमार जी साह का शरीर पंच तत्व में लीन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा आरोग्य भारती,किशनपोल बाजार, जयपुर से चांदपोल मोक्ष धाम के लिए रविवार प्रातः 11.15 बजे रवाना हुई। चांदपोल मोक्ष धाम पर विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर बडी संख्या में उपस्थित शहरवासियों ने नम आंखों से वैधराज जी को विदाई दी। ऊं शान्ति

-विनोद जैन कोटखावदा

# पापड़ वाले हनुमान मंदिर के वन क्षेत्र में 101 पौधे लगाए



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** टीम हेल्पिंग हैंड्स एवं ओम वेलफेयर के संयुक्त तत्वावधान में पापड़ वाले हनुमान मंदिर के वन क्षेत्र में 101 पौधे लगाए। कार्यक्रम संयोजक रजत डागा व प्रयाग वशिष्ठ ने बताया कि गर्मी को देखते हुए हमारी टीम ने अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण को शुद्ध रखने की पहल की है आगे भी शहर के आसपास के वन क्षेत्र में पेड़ लगाए जाएंगे जिससे पर्यावरण को शुद्ध रखा जा सके। कार्यक्रम के दौरान समक्ष, सार्थक, मनीष कुमावत, गौरव बंसल, कपिल, विकास यादव, कुलदीप बिजाका , रजत डागा सहित बड़ी संख्या में टीम के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन एक पेड़ मेरा भी नारे से किया गया।


श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद्



विश्व जगत गौरव श्रद्धेय वैद्यराज
श्री सुशील कुमार जी शाह 'पापा सा.'

विनम्र अश्रुपूरित श्रद्धांजलि....

ॐ शान्ति..... शांति..... शांति ....

श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद्

उमरावमल संघी, अध्यक्ष, 98290-13061
सुनील बख्शी, मानद् मंत्री, 99290-90242
महेश काला, कोषाध्यक्ष, 98292-20151

एवं
समस्त कार्यकारिणी समिति

# अहिंसा भवन मे जयकारों साथ हुआ महासती मनोहर कंवर आदि ठाणा का चातुर्मास मंगल प्रवेश हुआ

## आत्मा का धर्मस्थल पर प्रवेश ही चातुर्मास का प्रवेश है : साध्वी ऐश्वर्य प्रभा

**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**



राजस्थान प्रवर्तिनी यशकंवर जी महाराज की सुशिष्याओ मे महासाध्वी मनोहर कंवर,महासती ज्ञानकंवर, साध्वी प्रतिभा, साध्वी पुष्पलता, साध्वी ज्योति प्रभा,साध्वी ऐष्वर्य प्रभा आदि का रविवार को शास्त्रीनगर मे लक्ष्मणसिंह संजूलता बाबेल के निवास से भव्य झूलुस के साथ चातुर्मास मंगलप्रवेश अहिंसा भवन मे हुआ।इस दौरान साध्वीमंडल का जगह -जगह जयकारों के साथ अभिनन्दन किया गया।मंगलप्रवेश के समय युवा मंडल के सभी सदस्य वाईट ड्रेस में और चंदनबाला महिला मंडल की बहने चुंदड़ी मे प्रभु महावीर के जयकारे लगाकर साध्वीयो के साथ साथ चल रही थी।रास्ते मे पूर्वसभाति मंजु पोखरना के निवास पर साध्वीवृंद का स्वागत किया गया और शास्त्रीनगर अहिंसा भवन मे साध्वी मंडल के पधारने पर श्रीसंघ के मुख्य मार्ग दर्शक अशोक पोखरना,हेमंत आंचलिया मीठ्ठा लाल सिंघवी,अध्यक्ष लक्ष्मण बाबेल,मंत्री दिनेश मेहता, विनोद बोहरा, ओमप्रकाश सिसोदिया, सुशील चपलोत, सरदारसिंह कावड़िया, सुंदरलाल बापना, जसवंतसिंह डागलिया, जितेश चपलोत, हेमन्त बाबेल और महिला मंडल की अध्यक्षा नीता बाबेल, मंत्री रजनी सिंघवी, मंजु बापना, कोषाध्यक्ष सुनीता झामड़, सरोज मेहता, प्रियंका, बिंदु बापना, अंजना सिसोदिया,उमा आंचलिया आदि सभी पदाधिकारियों ने हजारो श्रावक -श्राविकाओं की साथ चातुर्मास मे पधारी महासती मनोहर कंवर आदि का सामूहिक रुप से अगवानी के साथ अभिनन्दन किया।चातुर्मास प्रवेश धर्मसभा मे साध्वी ऐष्वर्यप्रभा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आत्मा का धर्मस्थल पर प्रवेश ही चातुर्मास का प्रवेश है।यह खोई हुई चेतना को जगाने जीवन को संवारने का अवसर मिला है उसे व्यर्थ न गंवाए और परमात्मा के बताए गये धर्ममार्ग पर चलने पर हम अपनी जीवन यात्रा को मंगलमय बनाकर आत्मा का अभ्युदय करवा सकते हैं। चातुर्मास प्रवेश मे डॉ सुलोचना साध्वी विश्ववंदना आदि श्रीसंघ और साध्वीयो को चातुर्मास की शुभकामनाएं देतें हुए कहा कि चातुर्मास परिवर्तन का माध्यम बने पुनरावर्तन का नहीं।इस चातुर्मास में चार माह तक कर्मो की निर्जरा करने जो सुनहरा अवसर मिला उसका भरपूर लाभ लेवें। धर्मसभा मे कोटा,नीमच सिंघोली. सवाईमाधोपुर,चितौड़,बेगूं,बिजोलिया,मांडल गढ़,कोटड़ी,शाहपुरा श्रीसंघो अलावा शहर अनेको गणमान्य अतिथियो की उपस्थिति रही। सभी अहिंसा भवन के पदाधिकारियों स्वागत किया । प्रवक्ता सुनिल चपलोत ने जानकारी देतें हुए बताया 19 जुलाई से साध्वीवृंद के नियमित प्रवचन प्रातः 9 बजें से 10 बजें तक और धार्मिक प्रांरभ होगें।

**-प्रवक्ता सुनिल चपलोत**

## जैन मंदिरों में गूंजे भगवान नेमिनाथ के जयकारे

### भक्ति भाव से मनाया जैन धर्म के बाईसवें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक मंदिरों में चढाया निर्वाण लाडू



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन धर्म के बाईसवें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव रविवार, 14 जुलाई को भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किए गए तथा निवाणोत्सव मनाया जाकर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा' के अनुसार प्रातः मंत्रोच्चार से भगवान नेमिनाथ के जलाभिषेक एवं पंचामृत अभिषेक किये गए। तत्पश्चात विश्व में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए मंत्रोच्चार के साथ शांति धारा की गई। अष्ट द्रव्य से पूजा करते हुए भगवान नेमिनाथ का निर्वाणोत्सव मनाया गया जिसमें निर्वाण काण्ड भाषा के वाचन पश्चात मोक्ष कल्याणक का श्लोक ''सितषाढ अष्टमी चूरे। चारों अघातिया कूरे।। शिव उज्जयंततें पाई। हम पूजें ध्यान लगाई।।'' का उच्चारण करते हुए मोक्ष कल्याणक अर्घ्य एवं निर्वाण लाडू चढाया गया। महाआरती के बाद समापन हुआ । जैन के मुताबिक इस मौके पर जनकपुरी के श्री नेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मुनि समत्व सागर महाराज, मुनि शील सागर महाराज के सानिध्य में अध्यक्ष पदम बिलाला के नेतृत्व में जयकारों के बीच निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। झोटवाडा के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आचार्य शशांक सागर महाराज ससंघ, बरकतनगर के श्री चन्द्रप्रभू दिगम्बर जैन मंदिर में मुनि अर्चित सागर महाराज, अतिशय क्षेत्र बाडा पदमपुरा में मुनि महिमा सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में,अतिशय क्षेत्र छोटा गिरनार बापूगांव में मूलनायक भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया जाकर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।

## न्यू लाईट कॉलोनी में श्री नेमीनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू चढ़ाया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



टोंक रोड न्यू लाईट कॉलोनी स्थित श्री नेमीनाथ जैन मन्दिर जी में प्रातः स्मरणीय, जैन धर्म के 22 वें तीर्थंकर एवं मूलनायक 1008 श्री नेमीनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस पर मन्दिर जी में श्री नेमीनाथ मंडल विधान की पूजा का आयोजन विधानाचार्य पंडित रमेश गंगवाल के सानिध्य में किया गया ' जिसमें स्थानीय समाज के धर्म प्रेमी बंधुओं ने बढ़चढ कर उत्साह पूर्वक सानंद पूर्वक मनाया ' सूर्य प्रकाश छाबडा ने बताया कि इस पावन पुनीत अवसर पर मन्दिर जी में सामूहिक निर्वाण लाडू भी चढ़ाया गया। इस अवसर पर पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड से सुपरिनटेंडेंट इंजीनियर श्रीमति शशि चौधरी 2022 में सरकार द्वारा पॉली बैग्स के उपयोग पर लगाई रोक पर प्रकाश डालते हुए कपड़े के बैग्स उपयोग में लेने हेतु प्रेरित करते हुए उपस्थित जन समुदाय में कपड़े के बैग्स वितरित किये। सुर्य प्रकाश छाबडा ने श्रीमती चौधरी का करतल ध्वनि से सम्मान एवं आभार व्यक्त किया।

## वेद ज्ञान

# प्रसन्न रहने के लिए अपनी रुचि के कार्य अवश्य करें

जीवन में वास्तविक प्रसन्नता के लिए हमारी रुचि के कार्यों का होना बहुत आवश्यक है। जब हम लगातार अपनी इच्छा अथवा रुचि के विरुद्ध कार्य करने को विवश होते हैं तो हमारे अंदर निराशा, जड़ता, उदासीनता, नीरसता व तनाव आदि के भाव व्याप्त हो जाते हैं, जो प्रसन्नता ही नहीं स्वास्थ्य के भी शत्रु हैं। अपने स्वास्थ्य को बचाए रखने व अपनी प्रसन्नता को बनाए रखने के लिए अपनी रुचि के कार्य अवश्य करें। लेकिन जीवन में कई बार अपनी रुचि के कार्य करने का न तो अवसर ही मिलता है और न कोई विकल्प ही होता है। ऐसे में जरूरी है कि हम जो कार्य कर रहे हैं उसके प्रति नकारात्मक भाव न रखकर उसमें अपनी रुचि उत्पन्न करने का प्रयास करें। उसके प्रति अपनी मानसिकता बदलें। उसमें प्रसन्नता के बिंदु खोजें। कोई भी कार्य कितना भी अरुचिकर अथवा नीरस क्यों न हो उसमें भी कुछ रोचकता खोजी जा सकती है। उसे कुछ अलग या नए तरीके से किया जा सकता है। दुनिया में जो विजेता होते हैं वे भी कुछ सर्वथा नया कार्य नहीं करते, अपितु कार्यों को नए ढंग से करके सफलता प्राप्त करते हैं। जब हम किसी नीरस कार्य को भी ध्यान लगा कर पूरे मन से करते हैं तो उसमें हमारी रुचि उत्पन्न होने लगती है। उस कार्य को करना अच्छा लगने लगता है। और जब कार्य रुचिकर हो जाएगा तो उसे करने में हमें आसानी भी होगी और हमारी प्रसन्नता के स्तर में वृद्धि भी। एक बात और भी है और वह यह है कि जब तक हम अपने अनिवार्य कार्यों को चाहे वे कितने भी अरुचिकर क्यों न हों, नहीं निपटा लेते हम समय होने पर भी अपनी पसंद के कार्य करने के लिए तत्पर नहीं हो पाते और वे कार्य मन पर बोझ बने रहते हैं। एक ओर अपने जरूरी कार्यों को न निपटा पाने का बोझ और दूसरी ओर अपने पसंदीदा कार्यों को न कर पाने का मलाल। ऐसे में प्रसन्नता हमसे और अधिक दूर हो जाती है। अरुचिकर अथवा नीरस कार्य को पूरा कर लेने के बाद वैसे भी अतिरिक्त प्रसन्नता की अनुभूति होना स्वाभाविक है। अतः जीवन में भरपूर प्रसन्नता प्राप्त करने के लिए अरुचिकर कार्यों की उपेक्षा करके उनका ढेर लगाने के बजाय उन्हें समय पर पूरा करके अतिरिक्त प्रसन्नता प्राप्त करें।

## संपादकीय

# राजधानी दिल्ली हुई पानी-पानी



राजधानी दिल्ली के कई इलाकों से कभी लोगों के पानी के लिए तरसने की खबर आती है, तो कभी यहां के कुछ क्षेत्रों में पानी भर जाता है। पिछले महीने दिल्ली के कई हिस्सों में पेयजल का गंभीर संकट पैदा हो गया था। तब दिल्ली सरकार का कहना था कि हरियाणा से यमुना में उसके हिस्से का पूरा पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। अब यमुना की एक नहर में इतना पानी आ गया कि दिल्ली के बवाना में तटबंध टूट गए और आसपास के क्षेत्र



जलमग्न हो गए। यहां लोगों के लिए पेयजल का भी संकट खड़ा हो गया है, क्योंकि बाढ़ से जलशोधन संयंत्रों को नुकसान पहुंचा है। सरकार इस समस्या से जल्द निजात दिलाने का दावा कर रही है, लेकिन क्या समय रहते इस खतरे को टाला नहीं जा सकता था? दरअसल, हर साल बरसात में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से दिल्ली में बाढ़ का खतरा बना रहता है। पिछले साल भी यमुना के उफान से राजधानी के कई इलाके जलमग्न हो गए थे। जब सब कुछ पहले से अंदाजा रहता है, तो बाढ़ से बचने के दीर्घकालिक उपायों पर काम क्यों नहीं किया जाता? दिल्ली के बवाना में जिस नहर के तटबंध टूटने से पानी भरा है, वह हरियाणा के करनाल से यमुना नदी से निकलने वाली मुनक नहर का हिस्सा है। दिल्ली सरकार का तर्क है कि इस नहर की देखरेख का जिम्मा हरियाणा सरकार का है। पर जो नहर दिल्ली से होकर जा रही है, क्या उसकी निगरानी करने का कर्तव्य यहां के शासन-प्रशासन का नहीं बनता है? दिल्ली सरकार का कहना है कि संबंधित इलाकों में बाढ़ की स्थिति से निपटने के बाद हरियाणा सरकार के साथ मिलकर नहर के क्षतिग्रस्त होने के कारणों की जांच की जाएगी। अगर इस नहर की नियमित निगरानी की जाती, तो इसके तटबंध टूटने से बचाने के उपाय समय रहते किए जा सकते थे। आशंका है कि ज्यादा बरसात के समय यमुना और इससे निकलने वाली नहरों में जलस्तर और खतरनाक रूप ले सकता है। ऐसे में दिल्ली और हरियाणा सरकारों को बाढ़ के संभावित खतरों से निपटने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जान-माल के नुकसान से बचा जा सके।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# आंदोलन को दबाने की कोशिश

किसान आंदोलन को दबाने की जैसी कोशिश हरियाणा सरकार ने की, वैसी देश में कहीं नहीं देखी गई। तीन कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन शुरू हुआ तो हरियाणा सरकार ने पंजाब और हरियाणा की तरफ से दिल्ली की तरफ बढ़ रहे किसानों को रोकने के लिए सड़कें खुदवा दी थीं। फिर जब तीनों कानूनों को वापस लेते वक्त केंद्र सरकार की तरफ से किए गए वादे पूरे न किए जाने पर, पांच महीने पहले, दूसरी बार पंजाब और हरियाणा के किसानों ने दिल्ली की तरफ कूच किया तो हरियाणा सरकार ने शंभू सीमा पर उन्हें रोक दिया। राजमार्ग पर दीवारें खड़ी कर दी गईं, मोटी-मोटी कीलें गाड़ दी गईं। किसानों ने वहीं डेरा डाल दिया, तो कई दिन तक उन पर ड्रोन से आंसू गैस के गोले बरसाए गए, ताकि वे वापस लौट जाएं। उस दौरान हरियाणा पुलिस की तरफ से गोलीबारी भी की गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। राजमार्ग पर अवरोध खड़े किए जाने की वजह से रोजाना हजारों आम लोगों को तमाम मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उस इलाके के व्यापारियों की परेशानियों का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने वहां के उच्च न्यायालय में गुहार लगाई। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने कहा कि राज्य सरकार एक हफ्ते के भीतर राजमार्ग से अवरोधक हटा ले। अब सर्वोच्च न्यायालय ने भी कह दिया है कि हरियाणा सरकार को इस तरह राजमार्गों पर बाधा खड़ी करने का कोई हक नहीं है। राज्य सरकार की तो यातायात को सुगम बनाने की जिम्मेदारी होती है। दरअसल, गोलीबारी में मारे गए युवक की न्यायिक जांच कराने के पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ हरियाणा सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई थी। उसी की सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि शंभू सीमा से अवरोधक तुरंत हटाए जाएं। किसान भी नागरिक होते हैं और उन्हें सरकार के सामने अपनी मांग रखने का हक है। इसी तरह तीन कानूनों के विरोध में उठे आंदोलन को दबाने के लिए दिल्ली की सीमाओं पर किसानों को रोकने के लिए बड़ी-बड़ी कीलें ठोंक दी गई थीं। तब भी सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि किसानों को अपनी मांग रखने का अधिकार है और राजमार्गों को किसी भी रूप में रोका नहीं जाना चाहिए। मगर लगता है कि अदालतों के बार-बार यह रेखांकित करने के बावजूद सरकारों को इस लोकतांत्रिक तकाजे की कोई परवाह नहीं है। किसान कोई किसी दूसरे देश के सिपाही तो हैं नहीं कि उनके दिल्ली पर हमला कर देने का खतरा है। उन्होंने तो लोकतांत्रिक तरीके से दिल्ली के रामलीला मैदान में इकट्ठा होकर अपनी मांगें रखने की अनुमति मांगी थी। मगर हरियाणा सरकार ने उनके साथ अपनी जोर आजमाइश शुरू कर दी। ये सवाल अब भी अपनी जगह बने हुए हैं कि तीन कानूनों को वापस लेते समय प्रधानमंत्री ने जिन मांगों को पूरा करने का वादा किया था, वे अभी तक पूरी क्यों नहीं की गईं। राहुल गांधी ने भी यह मुद्दा संसद में उठाया था, मगर उसका कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। किसानों की सबसे अहम मांग न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी का कानून बनाने को लेकर है। इसका वादा प्रधानमंत्री ने भी किया था, मगर इस दिशा में कोई पहल नजर नहीं आई। इसके अलावा आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ दायर मुकदमे वापस लेने और कर्ज माफी की मांग है। सरकार अपने वादों पर भी आगे कदम नहीं बढ़ा रही, तो आंदोलन तो सिर उठाएंगे ही।

# भारत विकास परिषद रामगंजमंडी चिकित्सालय का हुआ शुभारंभ

**रामगंज मंडी. शाबाश इंडिया**



भारत विकास परिषद रामगंजमंडी का चिकित्सालय का शुभारंभ आज 14 जुलाई को श्याम शर्मा (पूर्व राष्ट्रीय महासचिव भा.वि.प.) के मुख्य आतिथ्य, राजकुमार गुप्ता( अध्यक्ष भा.वि.प चिकित्सालय कोटा ) की अध्यक्षता में तथा रवि विजय ( अध्यक्ष राजस्थान दक्षिण पूर्व प्रांत भा.वि.प. ) अनील कुमार सिंघल ( उप जिलाधीश रामगंजमंडी ) नरेंद्र पारीख( उप अधीक्षक पुलिस रामगंजमंडी ) देवीलाल सैनी ( अध्यक्ष नगर पालिका रामगंजमंडी )के विशिष्ट आतिथ्य में रामगंजमंडी के प्रबुद्ध एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता के पूजन अर्चन व द्वीप प्रज्वलन कर किया गया, महिला परिषद ने वंदे मातरम गीत से सभी का स्वागत किया व अतिथियों का परिषद के सदस्यों ने तिलक लगा कर सरोफा भेंट कर स्वागत किया। श्याम शर्मा, राजकुमार गुप्ता,रवि विजय,अनिल सिंघल,नरेंद्र पारीख ने उद्बोधन दिया, सभी ने परिषद रामगंजमंडी शाखा को बधाई देते हुवे इस नेक कार्य की सराहना की ओर सभी ने आश्वस्त किया की जब भी हमारी जरूरत हो हम हर सम्भव हर तरह से मदद को तैयार रहेंगे। कार्यक्रम के अंत मे सभी अतिथियों का परिषद की ओर से प्रकाश धारीवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन ब्रजेश उपाध्याय ने किया। नगर के विशिष्ट भामाशाहों का सम्मान किया। संजय पतीरा ने बताया कि चिकित्सालय का श्याम शर्मा ने फीते की गाँठ खोल कर शुभारंभ किया। इस अवसर परिषद के सभी पदाधिकारी, सदस्य एवं महिला परिषद उपस्थित रहा। कार्यक्रम के पश्चात कोटा से पधारे डॉक्टर्स ने कैंप में पधारे हुए मरीज का उपचार किया। आवश्यक मरीजों की ECG की एवं ब्लड के सैंपल भी लिये। कल प्रातः10 बजे से ही प्रतिदिन कोटा के अनुभवी डॉक्टर्स की सेवायें चिकित्सालय में सुचारु रूप से उपलब्ध रहेगी।

-अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी की रिपोर्ट

# मुनि श्री विनम्र सागर जी ससंघ का इंदौर नगर में हुआ भव्य मंगल प्रवेश हुआ




**इंदौर. शाबाश इंडिया**

मां अहिल्या की नगरी इंदौर के पुण्य उदय से आचार्य श्री विद्यासागर जी , आचार्य श्री समय सागर जी के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री विनम्र सागर जी मुनि श्री निस्वार्थ सागर जी, मुनि श्री निसर्गसागर जी, क्षुल्लक श्री हीरकसागर जी संसघ का आज भव्य मंगलमय प्रवेश हुआ । समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि मुनि सघ का जगह जगह पाद प्रक्षालन व आरती समाजजनों द्वारा उतारी गई ।प्रवेश के दोरान गंजबासौदा युवा मंडल का दिव्य घोष बेंड , आकर्षक झांकी, महिला बेंड , महिला संगठन, महिला मंडल मंगल कलश लिए हाथों में जिनशासन का पंचरगी झंडा लेकर चल रहे थे। युवा वर्ग एवं समाज जन मुनि श्री के पीछे जय घोष करते हुए चल रहे थे ।पुरुष वर्ग सफेद ड्रेस में और महिला केशरीया साड़ी में थी ।मुनि श्री उदय नगर मंदिर से समोशरण मंदिर कंचन बाग में पहुंचे और धर्म सभा को संबोधित किया मुनि श्री ने कहा कि मैं इंदौर अपने गुरु आचार्य श्री विद्यासागर जी के सपने को साकार करने संकल्प के साथ आया हूं। इस अवसर पर गुरु देव के पाद प्रक्षालन का परम सोभाग्य चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष मनोज मुकेश बाकलीवाल परिवार ने किया एवं गुरु जी को जिनवाणी भेंटनरेंद्र जैन, आजाद जैन, राजीव जैन बंटी अमित जैन समस्त बिडी वाला परिवार ने किया। इस अवसर दिगंबर जैन समाज समाजिक सांसद के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी मंत्री डॉ जैनेन्द्र जैन, महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल, दयोदय चेरीटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जैन पप्पाजी तूकोगज जैन समाज की अध्यक्ष श्रीमती रानी अशोक डोसी मनोज मुकेश बाकलीवाल राजीव जैन बंटी मनीष नायक नरेंद्र वेद हंसमुख गांधी अशोक खासगीवाला भूपेंद्र जैन कमल जैन चेलेजर ,विपुल बाझल आदि समाज जन उपस्थित हुए। धर्म सभा का संचालन हंसमुख गांधी ने किया और आभार अजीत जैन ने माना।



कल्पवृक्ष ने भगवान नेमिनाथ
के मोक्ष कल्याणक (22वें जैन तीर्थंकर) पर

**मीना अजमेरा**

का जन्मदिन मनाया

शुभेच्छु

पी.सी. अजमेरा, अजय अजमेरा, आशीष अजमेरा
(सावरदा वाले)

एंटरप्राइज अकाउंटिंग टैक्स सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस ,
बिजनेस एडवाइजरी पोल्की सॉल्यूशंस

'कल्पवृक्ष' एफ 407,
प्लॉट 38ए मानसरोवर मीरा मार्ग जैन मंदिर

1862, बारह गणगौर का रास्ता महावीर के मंदिर
गोपाल जी का रास्ता के पास, चौड़ा रास्ता जयपुर

मोबाइल 9783877797

# उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति पहुंचे उदयपुर



**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति एमएम श्रीवास्तव शनिवार को उदयपुर पहुंचे। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भरत जोशी ने बताया कि मुख्य न्यायाधिपति के उदयपुर प्रवास के दौरान उन्होंने न्यायालय क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं का जायजा लिया। जैसे पार्किंग हेतु कलेक्ट्रेट और डीजे बंगले में से कुछ हिस्सा लेना, न्यायिक अधिकारियों के दुर्व्यवहार की परिवेदनाएं एवं बार एसोसिएशन कार्यालय में स्थाई शेड का निर्माण आदि। न्यायाधिपति ने बताए गए बिंदुओं पर विचार-विमर्श कर अधिवक्ताओं के हित में सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया। इस दौरान श्रीवास्तव से मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भरत जोशी, उपाध्यक्ष बंशीलाल गवारिया, वित्त सचिव पंकज तंबोली, सहवर्त सदस्य निशांत बागड़ी, मनमीत सिंह वाधवा, पूर्व अध्यक्ष शंभू सिंह राठौड़, रोशन लाल जैन, अरुण व्यास, अनुराग शर्मा, हेमंत जोशी, गोपाल सिंह चौहान तथा रामलाल मेघवाल उपस्थित थे।

# सुविरा हॉस्पिटल और रोटरी नॉर्थ द्वारा की गयी मेराथन




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सुविरा हॉस्पिटल और रोटरी क्लब जयपुर नार्थ व रोटरी क्लब मिडटाउन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मैराथन दिनाक 14 जुलाई को सुबह 6 बजे से 8 बजे तक सुबीरा हॉस्पिटल से प्रारम्भ होकर विटी रोड, मध्यम मार्ग, सिटी पार्क होते हुए सुविरा हॉस्पिटल पहुंची। अध्यक्ष अनिल जैन ने बताया की उपरोक्त मेराथन सुविरा हॉस्पिटल के निदेशक और रोटरी क्लब नॉर्थ, जयपुर के सदस्य डॉक्टर राजीव गुप्ता के सानिध्य में संपन्न हुई। जिसमे मुख्य अतिथि पंडित सुरेश मिश्रा, मुकेश मिश्रा, अशोक लाहौटी, उप महापौर पुनीत करनावट थे। संयुक्त सचिव रोटेरियन तरुण जैन ने बताया की मैराथन में 800 पुरुष महिलायों ने भाग लिया। मैराथन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को टी शर्ट दी गयी और अंत में मैडल देकर सम्मानित किया गया और सभी को अल्पाहार भी दिया गया।रोटरी क्लब के पधारे हुए सभी रोटेरिन्स का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। **धन्यवाद!**

# श्री दिगंबर जैन नसिया अतिशय क्षेत्र टोंक में सिद्धचक्र महामंडल विधान शुरू हुआ



**टोंक. शाबाश इंडिया।** अष्टानिका महापर्व प्रारंभ, सिद्धचक्र महामंडल विधान की आराधना झंडारोहण के साथ शुरू परम पूज्य बालाचार्य 108 निपुण नंदी जी महाराज के ससंघ सानिध्य में श्री दिगंबर जैन नसिया अतिशय क्षेत्र टोंक में पंडित आकाश जी शास्त्री के सानिध्य में सिद्धचक्र महामंडल विधान शुरू हुआ ।समाज के प्रवक्ता पवन कंटान एवं कमल सर्राफ ने बताया कि इस अवसर पर प्रातकाल अभिषेक शांतिधारा के पश्चात झंडारोहण विधि विधान मंत्र के साथ झंडारोहण कर्ता विमलचंद कमल कुमार रमेशचंद्र मुकेश कुमार बरवास वाले को प्राप्त हुआ तत्पश्चात सिद्ध चक्र महामंडल विधान में मंगल कलश स्थापित किए गए तत्पश्चात पत्रों का चयन किया गया जिसमें सोधर्म इन्द्र नेमीचंद बनेठाऔर शेष इन्द्र कमलेश कलई धर्मचंद दाखिया रमेश हाडीगांव सुरेंद्र अजमेरा विमल बरवास कन्हैयालाल बरवास अशोक जी झिराना प्रदीप नगर वाले को मिला पंडित आकाश जी शास्त्री के सानिध्य में आदिनाथ भगवान शांतिनाथ भगवान महावीर स्वामी की विशेष पूजा अर्चना की नंदीश्वर दिप की सिद्धो की आराधना की गई इस मौके पर इंद्र और इंद्राणी द्वारा 8अर्घ्य समर्पित किए गए ।इस मौके पर समाज के अध्यक्ष भागचंद फुलेता कमल आड़रा, श्याम लाल जैन, विरेंद्र संघी, राजेश आरटी, रिंकू बोरदा, धर्मेंद्र पासरोटियांअनिल सर्राफ आदि लोग मौजूद रहे।

**तीये की बैठक**



पूज्य वैद्यराज

**श्री सुशील कुमार जी साह**

( पुत्र स्व. श्री कपूर चंद जी साह )

का 14/07/2024 को स्वर्गवास हो गया है। तीये की बैठक 16 जुलाई प्रातः 9:30 बजे भट्टारक जी की नसियां ( छतरी वाला संभाग ) में रखी गई है।

शोकाकुल- कमलावती ( पत्नी ), राजेंद्र के शेखर - शैलबाला ( भ्राता- बहु ) जयंती कासलीवाल, वीरबाला गोधा ( बहने ), सुभाष काला ( भांजा )
वैद्य कला - सुरेंद्र जी कासलीवाल, डा. रेखा - अशोक जी जैन ( पुत्री- दामाद ) माला, शरद- नीलिमा, शैलेन्द्र ( चीकू ), दीपेश -अंजु, धूपेश -अमिता ( भतीजे- बहु ) सुरभि- अभय, दीपाली- गौरव, शेफाली - अनुराग, अनुपम ( दोहिती - जवाई,दोहिता ) अर्ची - राज, नव्या, आर्जव, मौर्वी ( पड़ दोहत्र - दौहित्री ) राहुल- पूजा, यश, चिन्मय, पूर्वेश - शच्ची, निपुण ( पौत्र - पोत्रवधु )
समस्त साह परिवार, वैद्य अशोक- सुमन गोधा, आरोग्य भारती एवं वैयावृत्य परिवार।
ससुराल पक्षः डॉ. पी. सी. काला, कमला काला, विनय, विक्रम, राजकुमार, विनोद, एवं समस्त काला परिवार।

# जलाभिषेक, शांतिधारा घटयात्रा के साथ रथ यात्रा निकली

## अष्टान्हिका महापर्व में हुआ सिद्धचक्र महामण्डल विधान का शुभारंभ



**सनावद. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन समाज के प्रमुख पर्व अष्टान्हिका के शुभारंभ पर श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से घटयात्रा जुलूस के साथ रथयात्रा निकाली गई। पूज्य आर्यिका सरस्वती माता जी भी संघ सहित रथयात्रा में सम्मिलित हुई। श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भगवान आदिनाथ, भगवान शांतिनाथ तथा भगवान पार्श्वनाथ स्वामी के सामूहिक जलाभिषेक शांतिधारा के बाद जिनबिम्बों को रथ में विराजमान कर रथयात्रा निकाली गई। बैण्डवाजों की सुमधुर जैन धुनों के साथ पीले वस्त्र धारण कर मंगल कलश लिए महिलायें रथयात्रा की शोभा बढ़ा रही थी। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने श्रीजी की आरती उतारी। इसी के साथ सिद्धचक्र विधान का शुभारंभ पोरवाड़ जैन धर्मशाला में हुआ। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रियम जैन एवं धीरेंद्र बाकलीवाल ने बताया कि रथयात्रा के समापन पर पोरवाड़ जैन धर्मशाला में गुरुआज्ञा एवं आचार्य निमंत्रण हुआ। प्रतिष्ठाचार्य नितिन झांझरी ने विधि विधान के साथ राजेंद्र हीरामणि भूच, हेमचंद्र मंजुला भूच ने जैन ध्वज फहराया। सौधर्म इंद्र कमलेश भूच, आशीष झांझरी सहित सिद्धचक्र महामण्डल विधान की आठ दिवसीय पूजन में सम्मिलित हो रहे इंद्रो ने जलाभिषेक तथा शांतिधारा की। नित्य पूजा के बाद अनंत सिद्ध परमात्माओं का स्मरण कर सिद्धचक्र मण्डल विधान की पूजन के आठ अर्घ्य मण्डल पर समर्पित किए गये। डॉ. नरेन्द्र जैन भारती ने बताया कि आज विधान में सिद्ध परमात्माओं के सम्यक्त्व, ज्ञान, दर्शन, अनंत,शक्ति, सूक्ष्म तथा अवगाहन, अगुरुलघु अव्यावाध आदि गुणों का स्मरण कर मण्डल पर अर्घ्य समर्पित किए गए शांति जाप का शुभारंभ हुआ। पूज्य आर्यिका सरस्वती माता जी ने मन वचन और काय की शुद्धता के साथ सिद्धचक्र मण्डल विधान के महत्व को बताते हुए कहा कि इस विधान के करने से 64 ऋद्धि विधान, कर्म दहन विधान, पांच परमेष्ठी विधान, तथा जिन सहस्त्रनाम विधान के पुण्य का फल एक साथ मिलता है। विधान के आयोजक की प्रशंसा में आपने बताया कि जैसे एक पेड़ को एक व्यक्ति लगाता है परंतु फल अनेक लोगों को मिलते हैं। उसी तरह एक परिवार विधान कराता है परंतु अनेक श्रद्धालु पुण्य के फल को प्राप्त करते हैं। इसलिए अच्छी भावना के साथ विधान में सम्मिलित होकर सभी धर्म लाभ लें। इसी में सुख शांति तथा मोक्ष निहित है। समाज अध्यक्ष मनोज जैन, आशीष चौधरी, भागचंद जैन, शांतिलाल जैन, राजेंद्र जैन, नरेंद्र पंचोलिया, सुनील के. जैन, सत्येंद्र जैन, अनुभव जैन, संतोष बाकलीवाल , डॉ.रवीश जैन, नरेश पाटनी, सौरभ जैन, आशीष पाटनी, राकेश जैन, हेमेंद्र काका, संदीप चौधरी, अंकित जैन, लवीश पाटनी, राहुल स्वस्तिक, शैलेंद्र जैन, सौरभ जैन, सहित अनेक श्रद्धालु जन मौजूद थे ।

# रामलक्ष्मण मीणा नर्सिंग को इण्डियन आईकन अवार्ड से किया सम्मानित



**बारां. शाबाश इंडिया**

महिला फ्रेंड्स क्लब के स्थापना दिवस 14 जुलाई के अवसर पर फाउंडर प्रसिडेंट सपना गोयल ने बताया कि भारत के समाजसेवीयो को समाज सेवा के प्रति बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित समारोह का आयोजन बारां जिला में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सामान्य चिकित्सालय बूंदी व संस्थापक रक्तदान जीवनदान टीम बूंदी के ब्लड डोनर रामलक्ष्मण मीणा नर्सिंग ऑफिसर को राष्ट्रीय स्तर पर प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो सहित इण्डियन आइकन अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस प्रोग्राम के मुख्य अतिथि रविन्द्र बंसल (मथुरा)व राहुल संघवी जयपुर, अति विशिष्ट अतिथि दीपक जैन छीपाबड़ौद, विशिष्ट अतिथि ज्योति पारस बारां, भगवती तेहलयानी बारां, मृदुल मारू बारां द्वारा समाजसेवियों को इण्डियन आइकन अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह प्रोग्राम सामाजिक सेवाओं जैसे ब्लड की कमी को दूर करने के लिए रक्तदाताओं को मोटिवेट करके रक्तदान करवाना, रक्तदान शिविर लगवाना, एक्सीडेंट सुरक्षा,पर्यावरण सुरक्षा, बेजुबानों की सुरक्षा, वृक्षारोपण अन्य प्रकार की समाज सेवाओं के लिए आयोजित किया गया। ब्लड डोनर रामलक्ष्मण मीणा बूंदी जिले के पहले ऐसे नर्सिंग ऑफिसर है जिनको सामाजिक सेवाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर,राष्ट्रीय स्तर, राज्य स्तर,संभाग स्तर, जिला स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है।

# जानमाल की सुरक्षा हेतु गोवंश के रेडियम पट्टी लगाकर जीव रक्षा की




**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया।** सबको प्यार सबकी सेवा, जीवो और जीने दो, जीवमात्र की सेवा पीड़ित मानव सेवार्थ अग्रणी संस्था महावीर इंटरनेशनल कुचामन द्वारा बारिश के मौसम मे चारो तरफ हरियाली व पानी होने मच्छर मक्खी जीव जन्तु उत्पत्ति होने से गोवंश परेशानी से बचने हेतु सड़क पर आते हैं रात्रि के अंधेरे मे हाईवे पर तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनो की चपेट मे आने से गौवंश व वाहन दुर्घटनाग्रस्त व किसी भी प्रकार की जान माल को खतरा बचाव के मध्य नजर रखते हुए कुचामन की महावीर इंटरनेशनल संस्था ने निर्णय लिया की सभी के बचाव के लिए बुडसु चौराहा से स्टेशन रोड तक व चिन्ताहरण बालाजी मंदिर के पास गौवंश के गले मे रेडियम के बने बेल्ट लगाए जो लाईट मे चमकते हे। गौमाता व आमजन की सुरक्षा हेतु अध्यक्ष वीर रामावतार गोयल के सानिध्य मे बेल्ट लगाते संस्था सचिव वीर अजित पहाड़िया ,कोषाध्यक्ष वीर सुरेश कुमार जैन ,वीर सम्पत बगडीया ,वीर अशोक अजमेरा ,वीर सुरेन्द्र सिंह दीपपुरा , वीर संदीप पाडंया , अशोक कुमार झांझरी, बलराम, राजकुमार, प्रधान प्रदीप भाडासरवाले व गो सेवको ने सराहनीय सहयौग किया गवर्निंग काउंसिल मेम्बर वीर सुभाष पहाड़िया ने सभी के प्रति घन्यवाद ज्ञापित किया। **रिपोर्ट : वीर सुभाष पहाड़िया**

# साइबर क्राइम को रोकने के लिए किया स्कूल में सेमिनार



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

अजमेर। सर्व धर्म मैत्री संघ अजमेर द्वारा आज कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में साइबर क्राइम को रोकने के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में एसपी देवेंद्र सिंह बिश्नोई का स्कूल प्रशासन व सर्वधर्म मैत्री संघ के द्वारा अभिनंदन किया गया। एसपी विश्नोई ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को साइबर क्राइम से बचने के लिए विभिन्न प्रकार के उदाहरण देकर समझाया और आश्वस्त किया कि आप अपने आप को किस प्रकार से इससे बचाव कर सकते हैं। कार्यक्रम के संयोजक सर्वधर्म मैत्री संघ अध्यक्ष प्रकाश जैन का सभी सदस्यों द्वारा केक काटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम में सिस्टर अनुषा डॉ लाल खदानी डॉ सुरेश अग्रवाल सिस्टर केरल प्रेम प्रकाश हरदीप सिंह मोहम्मद खान शहनाज व शाहिद खान पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वायरलेस पुलिस लाइन जनता कॉलोनी में वृक्षारोपण किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** वायरलेस पुलिस लाइन जनता कॉलोनी में क्षेत्रीय, विधायक प्रत्याशी रवि नैयर द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद किशोर मोतियानी, सुनील दत्त, गोपेश्वर गुप्ता, विनोद जैन, महेश शर्मा, पुलिस वायरलेस के पदाधिकारी उपस्थित रहे । रवि जी द्वारा सभी को आगे किया कि वृक्षारोपण करने के पश्चात इसका ध्यान रखना अति आवश्यक है, ऐसा नहीं की पौधा बड़ा ही ना हो पाए और सभी को इस चीज का संकल्प दिलाया। वायरलेस क्षेत्र में लगभग 50 पौधा लगाए गए और सभी व्यक्ति को दो-दो पौधे की संभालने देखरेख करने की जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर वार्ड नंबर 92 के पार्षद किशोर मोतियानी वार्ड नंबर 93 के पार्षद सुनील दत्त सीनियर एडवोकेट रामेश्वर गुप्ता , वार्ड 93 के अध्यक्ष, पवन कानूनगो, राजेश गुप्ता, गोपी, विनोद जैन आदि उपस्थित रहे।

## श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर हीरा पथ मानसरोवर जयपुर में नेमीनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू चढ़ाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** देवाधिदेव 22 वे तीर्थंकर 1008 श्री नेमीनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक के मांगलिक अवसर पर मंदिर जी में बड़े ही भक्ति पूर्वक निर्वाण लड्डू चढ़ाने का पुण्य कल्याण मल,, सुशील , सुधीर बाकलीवाल परिवार ने प्राप्त किया। ट्रस्टी देवेन्द्र छाबड़ा ने बताया कि इस अवसर पर समाज के शांति, नरेश , पंकज , संजय अन्य श्रेष्ठि गन मौजूद रहे।

## दुर्गापुरा में भगवान नेमीनाथ जी के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू चढ़ाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभजी ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चन्द जैन चांदवाड़ एवं मंत्री राजेन्द्र कुमार जैन काला ने बताया कि आषाढ़ शुक्ला अष्टमी रविवार दिनांक 14.07.2024 को भगवान नेमीनाथ जी के मोक्ष कल्याणक के पावन दिवस पर भक्ति भाव से अर्घ्य समर्पित करते हुए श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभ दुर्गापुरा जयपुर में श्रद्धालुओं ने मोक्ष कल्याणक का निर्वाण लाडू चढ़ाया।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**

shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# टोडरमल स्मारक में ध्वजारोहण से प्रारम्भ हुआ श्री सिद्ध चक्र विधान

जयपुर. शाबाश इंडिया



बापू नगर जयपुर स्थित ज्ञान तीर्थ पंडित टोडरमल स्मारक भवन के पंच तीर्थ जिनालय में शाश्वत महापर्व अष्टान्हिका के अवसर पर प्रातः पीतल फैक्ट्री वाले श्रीमती अचरज बाई जी के द्वारा ध्वजारोहण के साथ प्रारम्भ हुआ श्री सिद्ध चक्र विधान ।दिनांक 14 जुलाई से शनिवार दिनांक 20 जुलाई तक चलने वाले श्री सिद्ध चक्र विधान पूजा का भव्य आयोजन गंगवाल परिवार ( जयपुर - सूरत ) द्वारा किया जा रहा है। प्रातः श्री सीमंधर जिनालय एवं पंचतीर्थ जिनालय में हीरा चन्द बैद के निर्देशन में श्रद्धालुओं द्वारा नित्याभिषेक किये गये। गंगवाल परिवार की महिलाओं ने मण्डप पर मंगलकलश स्थापित किये, पुरुषों ने अष्टमंगल प्रातिहार्य स्थापित किये। विधानाचार्यः पंडित जिनेन्द्र जी शास्त्री, पंडित जिन कुमार जी शास्त्री , पंडित अनेकांत जी शास्त्री, पंडित संमकित जी शास्त्री ।संगीतकारः पंडित रिमांशु जी शास्त्री, पंडित दिव्यांशु जी शास्त्री द्वारा सुमधुर धुनो के माध्यम से भक्ति भाव पूर्वक विधान पूजा कराई गई। कवीवर संत लाल जी द्वारा रचित प्राचीन श्री सिद्ध चक्र विधान पूजा के बीच - बीच में सुप्रसिद्ध विद्वान डा.शांति कुमार पाटील ने पूजा के भावार्थ समझाये। बहुत ही सुन्दर व आकर्षक विधानसंवते माण्डलोजी के माण्डने वाले सहप्रतिष्ठाचार्य ग्वालियर के पंडित राकेश जी ने मण्डप पर अर्घ्य चढ़वाये, विधान की आज तीन पूजा सम्पन्न कराई। पंडित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट के महामंत्री पंडित परमात्म प्रकाश जी भारिल्ल ने ट्रस्ट द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 21 जुलाई को पंडित टोडरमल दिगम्बर जैन आचार्य महाविद्यालय के नवीन भवन का शिलान्यास समारोह आयोजित किया जा रहा है जिसमें देश विदेश से लगभग 3 हजार श्रद्धालुओं के भाग लेने की सम्भावना है। अनुमानित बीस करोड़ की लागत से बनने वाले नवीन भवन से यंहा पढ़ने वाले विधार्थियों की संख्या दोगुनी होकर चार सौ हो जायेगी।विधान के समन्वयक हीरा चन्द बैद ने बताया कि विधान पूजा में एक सो पचास से अधिक स्त्री -पुरुष भाग ले रहे हैं।विधान के अन्तर्गत सांय सामूहिक भक्ति के बाद आध्यात्मिक प्रवचन का लाभ भी मिला।

## जनकपूरी में पाँच दिवसीय महोत्सव का दूसरा दिन

# नेमिनाथ के मोक्ष कल्याणक पर ऋद्धि मंत्रों युक्त शांतिधारा, पूजन व निर्वाण कांड वाचन कर भक्ति व जयकारों के मध्य चढ़ाया गया निर्वाण लाडू

जयपुर. शाबाश इंडिया



जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मन्दिर में पाँच दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को मुनि श्री 108 समत्व सागर जी ससंघ के सानिध्य में भगवान के श्री चरणों में अपने समस्त दुखों की निर्वृत्ति हेतु अर्थात निर्वाण की भावना के साथ तीर्थंकर नेमिनाथ के मोक्ष कल्याण पर निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि मूलनायक नेमिनाथ जिन्हें नेमि और अरिष्टनेमि के नाम से भी जाना जाता है, वर्तमान युग अवसर्पिणी काल में जैन धर्म के बाईसवें तीर्थंकर हैं। इनका चिन्ह शंख है तथा निर्वाण गुजरात में गिरनार पर्वत पर हुआ था। मन्दिरजी में नेमिनाथ के प्रथम अभिषेक सरदार मल रमेश काला परिवार ने तथा मुनि श्री द्वारा उच्चारित वृहत रिद्धि मंत्र युक्त शान्तिधारा मूल नायक की शिखर चंद किरण जैन परिवार द्वारा व वेदी पर जिनेंद्र कुमार चंद्र कला परिवार द्वारा की गई ।अष्टाहनिका व नेमिनाथ पूजन के बाद मुनि श्री द्वारा निर्वाण काण्ड का वाचन किया गया तथा इसके बाद भगवान के मोक्ष कल्याण का अर्घ बोलते हुए भक्ति व जयकारो के साथ निर्वाण लाडु मय श्रीफल व दीपक के मन्दिर के संस्थापको में से एक परिवार सनत कुमार दिलीप चाँदवाड़ द्वारा चढ़ाया गया ।इसके बाद धर्म सभा हुई जिसमे चित्र अनावरण व दीप प्रज्वलन का सोभाग्य बापू नगर संभाग व मुनि सेवा समिति के मनीष बैद नवीन सांघी सुरेंद्र मोदी मनोज झंझरीं रमेश बोहरा आदि द्वारा किया गया ।इधर मुनि संघ की पाद प्रक्षालन व शास्त्र भेंट का सौभाग्य पदम पारस आदित बिलाला परिवार को प्राप्त हुआ । मंगलाचरण डा. इंद्र कुमार जैन ने किया।

### वैद्य सुशील कुमार जी की जिनशासन को दी गयी सेवाओं को किया याद

मुनि श्री ने संसार भावना के तहत मोह व ममत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही मुनि श्री ने वैद्य सुशील कुमार जी की जिनशासन के निग्रन्थ साधुओं के लिए दी गई निस्वार्थ सेवाओं को याद किया ।

## जैन इन्जीनियर्स सोसाइटी जयपुर साउथ चैप्टर का वार्षिक वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन इन्जीनियर्स सोसाइटी जयपुर साउथ चैप्टर का वार्षिक वृक्षारोपण कार्यक्रम दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र बाडा पदमपुरा प्रांगण में सम्पन्न हुआ । वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत 6-8 फुट ऊंचाई के लगभग 51 पौधे रोपित किये गये । कार्यक्रम में हर वर्ष की भांती इस वर्ष भी संकल्प फाउंडेशन का सहयोग प्राप्त हुआ । कार्यक्रम में चैप्टर के इंजी. पी सी छाबडा (सचिव, जेस फाउंडेशन), इंजी. डी एम जैन (संयुक्त सचिव, जेस फाउंडेशन), इंजी. डी के जैन (अध्यक्ष), इंजी. अरुण जैन (उपाध्यक्ष), इंजी. राकेश बगड़ा (उपाध्यक्ष), इंजी. पी के जैन (सचिव), इंजी. रमेश गंगवाल (कोषाध्यक्ष), इंजी. एम के कासलीवाल (कार्य. सदस्य), इंजी. मनोज दोसी (कार्य. सदस्य), इंजी. माणिक जैन (कार्य. सदस्य) सहित 20 से अधिक दम्पति सदस्यों की सहभागिता रही । जैन इन्जीनियर्स सोसाइटी जयपुर द्वारा विगत 8 वर्षों से वार्षिक वृक्षारोपण कार्यक्रम 14 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है एवं गत वर्षों में लगाये गए अधिकांश पौधों ने अब वृक्ष का रुप धारण कर लिया है । कार्यक्रम में अतिशय क्षेत्र बाडा पदमपुरा की कार्यकारिणी समिति के मंत्री एडवोकेट हेमन्त सौगाणी भी उपस्थित रहे एवं उनके द्वारा जैन इंजीनियर्स सोसायटी के उक्त प्रयास की प्रशंसा कर अनुमोदना की गई ।

## गुलाबीनगर ग्रुप की एक दिवसीय धार्मिक यात्रा सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप गुलाबीनगर के 26 सदस्यों के दल की एकदिवसीय धार्मिक स्थलों की यात्रा दिनाँक 13 जुलाई को सवेरे 6.00 बजे जैन भवन , महावीर नगर से बस द्वारा रवाना हुई। यात्रा में अध्यक्ष सुशीला विनोद बड़जात्या, निवर्तमान अध्यक्ष सुनील बज, सचिव महावीर पांडया, परामर्शक पदम भावशा, सहसचिव राजेन्द्र मंजू छारेड़ा, देवेंद्र चित्रा जैन, रतन आशा सोगानी, महावीर संतोष चांदुवाड, चेतन रेखा जैन, राजेन्द्र मंजू कासलीवाल, बेनीचन्द पुष्पा अजमेरा, अशोक कांता कासलीवाल, मदन मंजू पांड्या, शांतीलाल जैन ने यात्रा की। सर्वप्रथम रेवासा जैन मंदिर में भगवान सुमतिनाथ जी के दर्शन किये व स्वादिष्ट नाश्ता करके लाडनूँ के लिये रवाना हुये। लाडनूँ में सबसे बडा पुराना जमीन से प्रकटित बड़ा जैन मंदिर में अतिशय शांतिनाथ भगवान व अत्यन्त दुर्लभ सरस्वती माँ प्रतिमा के दर्शन किये। लाडनूँ से रवाना होकर लूणवा में भगवान नेमिनाथ, तथा भूमि से प्रकटित चन्द्रप्रभु, शांतिनाथ भगवान के दर्शन किये, सांयकालीन आरती की। लूणवा से रवाना होकर रात्रि में जयपुर पहुंचे। कार्यक्रम के संयोजक महावीर पांड्या व राजेन्द्र छारेड़ा थे। अध्यक्षा सुशीला बड़जात्या ने सभी सदस्यों का यात्रा में सहयोग के लिए धन्यवाद व आभार जताया।

## व्यापारिक संवाद कार्यक्रम आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** व्यापार महासंघ की मीटिंग में व्यापारिक संवाद कार्यक्रम में राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंघी ने बताया GST के अंतर्गत 2017-18,2018-19,2019-2020 के विभागीय डिमांड नोटिस को बिना किसी ब्याज या पैनल्टी के निराकरण कर व्यापारीयो को राहत देने का व्यापारीक कल्याण बोर्ड के सुझाव पर निर्णय लिया गया है ।व्यापारियों के पूछने पर सिंघी ने बताया कि वो राजस्थान सरकार से बात करके राज्य सरकार से व्यापारिक कल्याण बोर्ड का शीघ्र गठन करने का आग्रह करेंगे ।साथ ही ज़िलों में भी व्यापारी कल्याण बोर्ड की जिला स्तरीय कमेटी बनाने का भारत सरकार ने निर्णय लिया गया है इससे राजस्थान व सभी ज़िलों के व्यापारियों का सरकार से सीधा जुड़ाव होगा व व्यापारिक समस्याओं का शीघ्र निराकरण होगा। व्यापारियों ने भारत सरकार का धन्यवाद दिया। आज के संवाद कार्यक्रम में जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल महामंत्री सुरेश सैनी व वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र बज ने सुनिल सिंघी का जयपुर के व्यापारियों की तरफ से स्वागत किया। सुनील सिंघी ने जयपुर व्यापार महासंघ के नव निर्वाचित कार्यकारणी को निर्विरोध चुनाव के लिए बधाई दी वह सभी निर्वाचित सदस्यों का दुपट्टा ओढ़ाकर व पुष्प भेंटकर अपनी तरफ से स्वागत किया। कार्यक्रम में सचिन गुप्ता कोषाध्यक्ष जयपुर व्यापार महासंघ मिंतर सिंह राजावत, अमित शर्मा,भूपत राय कांटेवाला, गजानंद शर्मा,विष्णु दत्त शर्मा, धर्मेन्द्र प्रधान,अशोक कुमावत, अशोक कुमार,विष्णु शर्मा,दीपक अग्रवाल,जय किशन ग्वालानी, नितिन शारदा व अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन निशिता सुरोलिया ने किया।

## श्री पार्श्व.संयम भवन का शिलान्यास हुआ




**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया।** मेंन सेक्टर शास्त्री नगर में श्री पार्श्व.संयम भवन का शिलान्यास प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया 'सुयश' अशोक नगर के सानिध्य में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि उदयलाल भड़ाणा मांडल विधायक थे। प्रातः सूर्य महल हॉल में शुरूआत में महिला समूह ने सुंदर ध्वज गीत की प्रस्तुति देकर वातावरण को धर्ममय मनाया। दीप प्रज्जवलन, मंगलाचरण के साथ वीतराग महिला मंडल ने भक्ति नृत्य की प्रस्तुति दी। इस उपरांत श्री पार्श्वसंयम भवन शिलान्यासकर्ता भामाशाहों का पगड़ी पहनाकर, दुपट्टा, माला पहनाकर सुंदर तस्वीर देकर ट्रस्ट की ओर से भव्य सम्मान किया गया। समाजजनों ने इसका अनुमोदन की। समारोह का संचालन जयकुमार पाटनी ने किया। इस उपरांत यहां से बैंडबाजों के साथ जुलूस निकला। जुलूस में शिलान्यासकर्ताअपनी शिलाऐ हाथों में रख खुशी के साथ चल रहे थे। मुख्य अतिथि उदयलाल भडाणा सहित बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, युवा भक्ति के साथ चल रहे थे। जुलूस श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के समीप शिलान्यास प्रांगण पहुंचा। जहां प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया सुयश के निर्देशन में मुख्य शिलान्यासकर्ता सोहनलाल गंगवाल परिवारजनों ने मंत्रोंचार के साथ नींव में मुख्य शीला रखी। उसके बाद बारी -बारी से सभी शिलान्यासकर्ताओं ने नींव में अपनी शिलाएं रखी। बड़ी संख्या में समाजजनों ने स्वर्ण, रजत, ताम्र, व निर्माण निधि शिलाएं नींव में रखी। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि ढाई करोड़ की लागत से श्री पार्श्व संयम भवन बनेगा। जो चार मंजिला होगा। भूतल पर प्रवचन हाल, सभागार व 17 कमरों का निर्माण किया जाएगा। जिसमें लिफ्ट का प्रावधान भी होगा। चौधरी ने बताया कि निर्यापक श्रमण मुनि सुधा सागर जी महाराज के आशीर्वाद से श्री पार्श्व संयम भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। यहां की सकल दिगंबर जैन समाज शास्त्री नगर ने दिल खोलकर तन-मन -धन से सहयोग दिया।

# जैन सोशल ग्रुप सेंट्रल संस्था जयपुर द्वारा केंद्रीय कारागृह में नेत्र जांच शिविर

## निशुल्क चश्मों का वितरण किया

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप सेंट्रल संस्था एवं स्वनेत्र आई हॉस्पिटल के सहयोग से केंद्रीय कारागृह में नेत्र जांच चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 362 कैदियों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां वितरित की गई एवं उनकी नजर की जांच कर चश्मों के नंबर निकाले गए, ऐसे करीबन 275 कैदियों की नजर कमजोर पाई गई ।संस्था द्वारा उन सभी कैदियों के चश्मे तैयार करवा कर शीघ्र ही कैदियों को उपलब्ध करवाए जाएंगे।इस अवसर पर स्वनेत्र हॉस्पिटल की निदेशक डॉ स्वाति तोमर व टीम का पूर्ण सहयोग रहा व संपूर्ण दवाइयों की व्यवस्था भी हॉस्पिटल की और से प्रदान की गई ।संस्था के अध्यक्ष संजय सिंह बैद, संस्थापक अध्यक्ष कमल सचेती एवं पदाधिकारियें द्वारा अपनी पूर्ण सेवाएं प्रदान की गई। केंद्रीय कारागृह के अधीक्षक राकेश मोहन शर्मा व पूर्व अधीक्षक शंकर सिंह खंगारोत द्वारा संस्था के द्वारा किए गए सेवा कार्य की भूरी भूरी प्रशंशा की गई। संस्थापक अध्यक्ष कमल सचेती ने बताया कि दिनांक 1 जुलाई 2024 को भी संगिनी, जे एस जी सेंट्रल संस्था की अध्यक्ष ममता ढ़ढ्ढा एवं कार्यकारिणी के सहयोग से संगिनी द्वारा जयपुर स्थित केंद्रीय कारागृह , जिला कारागृह एवं महिला कारागृह में करीबन 1500 किलो आम और केलो का वितरण किया गया।

# जैन समाज चौमूं द्वारा सिद्ध चक्र महामंडल विधान आयोजित



**चौमूं. कासं।** सकल दिगंबर जैन समाज चौमूं के सानिध्य में बड़े ही धूम धाम से सिद्ध चक्र महामंडल विधान किया जा रहा है जैन समाज मंत्री राजेंद्र पाटनी ने बताया कि चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर जी में हो रहे सिद्ध चक्र महामंडल विधान के प्रथम दिन प्रतिष्ठाचार्य पं संतत कुमार जी के दिशा निर्देश अनुसार प्रातः अभिषेक शांति धारा, घट यात्रा श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर नया बाजार चौमूं से जैन भवन तत्पश्चात झंडा रोहण मंडप शुद्धि पात्रों का चयन, पात्रों का सकलीकरण, मंडप प्रतिष्ठा, जाप्यानुष्ठा नपूजा प्रारंभ हुई। सायंकाल :महा आरती भजन सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि के कार्यक्रम संपन्न हुए जैन समाज प्रवक्ता पंकज बड़जात्या ने बताया कि प्रातः घट यात्रा जुलूस निकाला गया जिसमें वेदि शुद्धी करने की प्रथम कलश की डाक धन कुमार मनोज कुमार तथा द्वितीय कलश की डाक लेने का सौभाग्य पंकज कुमार पराग कुमार बड़जात्या को प्राप्त हुआ तथा झंडा रोहण करने का सौभाग्य मोतीलाल विजेंद्र कुमार पापडीवाल को प्राप्त हुआ सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य हीरालाल आयुष कुमार बड़जात्या एवं कुबेर इंद्र धन कुमार अनिल कुमार बडजात्या यज्ञनायक इंद्र का सौभाग्य नरेश कुमार नितेश कुमार नवीन पहाड़िया को प्राप्त हुआ एवं ईशान इंद्र पदमचंद संजीव कुमार संदीप कुमार बड़जात्या एवं सनत कुमार इंद्र बनने का सौभाग्य ऋषभ रारा को प्राप्त हुआ एवं श्री जी को विराजमान कर नित्य नियम पूजा एवं सिद्ध चक्र विधान मंडल पूजन की गई।

# आचार्य श्री प्रज्ञा सागर महाराज की प्रेरणा से किया पौधारोपण, विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण कर सहजने का संकल्प लिया



**सौरभ जैन. शाबाश इंडिया**

पिड़ावा। तपोभूमि प्रणेता व पर्यावरण हितेषी आचार्य श्री 108 प्रज्ञा सागर महाराज की प्रेरणा व हमारा लक्ष्य एक करोड़ वृक्ष मिशन के तहत खेजडिया मार्ग स्थित ब्रह्मानंद सागर नसिया में जैन आर्यंस वेलफेयर एंड एजुकेशन सोसायटी व जैन आर्यन्स ग्रुप की ओर से पौधरोपण किया गया। ब्रह्मानंद सागर नसिया में विभिन्न प्रकार के एक दर्जन पौधों का रोपण किया गया।वह इनको सहजने का संकल्प लिया गया।इस दौरान ऋषभ कासलीवाल, पलकेश जैन, सौरभ जैन, जीवेश जैन सोनू, अंकित जैन सहित अन्य सोसायटी के सदस्य उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब कोटा सेंट्रल का वृक्षारोपण अभियान, केशवरायपाटन में लगाये पौधे




**आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया**

कोटा। लायंस क्लब कोटा सेंट्रल द्वारा केशोरायपाटन में पौधारोपण किया गया। लायंस क्लब कोटा सेंट्रल द्वारा सांसे हो रही हैं कम, आओ पेड़ लगाए हम थीम पर अपने अभियान के दूसरे चरण में केशोरायपाटन के राजकीय प्राथमिक विद्यालय, अंबेडकर नगर मे पन्द्रह पौधे लगाये गये। पौधे ट्री गार्ड सहित लगाये गये तथा पौधों की सार संभाल करने की जिम्मेदारी विद्यार्थियों और स्टाफ को दी गई। कॉर्डिनेटर लायन राजकुमार कहलिया ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय के पीईईओ ब्रजसुंदर जी नामा, ओमप्रकाश बिरला, प्रेमशंकर सैनी, दिनेश कुमार सेन, गिरिराज धुप्पड़, स्कूल प्रिंसिपल श्रीमती सुमन शर्मा एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। क्लब अध्यक्ष मधु ललित बाहेती एवं सेक्रेट्री राधा खुवाल ने बताया कि पर्यावरण बचाने के लिये आगे भी इसी प्रकार अभियान जारी रहेगा तीसरे चरण में पौधारोपण बसंत विहार कोटा में किया जाएगा।

# नेटथियेट के 4 वर्ष में 205 कार्यक्रम और 800 से अधिक कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियां

## वायलिन और कथक फ्यूजन, वायलिन पर राग देस की बंदिश ने मौसम को सुहाना किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नेटथियेट के आज 4 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, अब तक इस मंच पर 205 सजीव कार्यक्रमों की प्रस्तुति में लगभग 800 से अधिक कलाकारों ने भाग लेकर नेटथियेट मंच का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर कार्यक्रम का सञ्चालन करते हुए अनिल मारवाड़ी ने बताया की पांच वर्ष पूर्ण होने पर पांच सदस्यीय जूरी द्वारा चयनित इस मंच पर प्रस्तुति दे चुके कलाकार को ''नेटथियेट व्युअर्स च्वाइस अवार्ड-2025'' से सम्मानित किया जायेगा। नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि सुप्रसिद्ध वायलिन वादक गुलजार हुसैन के निर्देशन में 6 उभरते युवा कलाकारो ने वायलिन की मधुर प्रस्तुति से घनघोर घटाओं से सतरंगी बारिश के बरसने से माहौल हुआ खुशनुमा।इस अवसर पर नेट थिएट टीम एवं कलाकारों ने केक काटकर बड़े उत्साह और उल्लास के साथ 4 वर्ष पूर्ण होने का जश्न मनाया। वायलिन के इन युवा साधको ने वर्षा ऋतु मे राग देस की 9 मात्रा मे बंदिश बजाई जिसमे कोयल की कूक मोर की आवाज जैसा अहसास हुआ।इसके बाद तीन ताल द्रुत गत मे ताने, तिहाई, झाला और तबला-वायलिन की जुगलबंदी ने दर्शको का मन मोहा ।

# अतिशय क्षेत्र गांव नला में भगवान नेमीनाथ का निर्वाण महोत्सव धूमधाम से मनाया

## गाजे बाजे के साथ गिरनार पर्वत पर चढ़ाया निर्वाण लाडू

**विमल जोला. शाबाश इंडिया**



निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा बिचला जैन मंदिर कमेटी के तत्वावधान में आयोजित भगवान नेमीनाथ का निर्वाण महोत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसमें मूलनायक भगवान नेमीनाथ के गाजे बाजे से निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं राकेश संधी ने बताया कि कार्यक्रम में श्री जी की शांतिधारा करने का सौभाग्य पारसमल सांवलिया पदमचंद टोंग्या एवं नवरत्न टोंग्या को प्राप्त हुआ एवं नेमीनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र नला गांव के गिरनार टोंक पर निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य विमल कुमार मुकुल जैन बूंदी एवं मूलचंद हरभगतपुरा अजय जैन टोंक को यह सौभाग्य मिला। कार्यक्रम में मंगलाचरण शकुंतला छाबड़ा ने किया। विमल जौंला एवं राकेश संधी ने बताया कि महोत्सव से पूर्व श्रद्धालुओं ने भगवान नेमीनाथ शांतिनाथ पार्श्वनाथ एवं महावीर स्वामी के अभिषेक करके नित्य पाठ पूजा के साथ श्री फल अर्ध्य चडाक र पूजा अर्चना की। जौंला ने बताया कि निर्वाण महोत्सव कार्यक्रम में अजीत काला विमल जौंला राकेश संधी ने आज क्या हें, निर्वाण महोत्सव, किनका भगवान नेमीनाथ का, भगवान नेमीनाथ कोन थे, अहिंसा के अवतार थे सहित अनेक नारो से वातावरण को धर्ममय बनाया। इस अवसर पर समाजसेवी हेमचंद संधी ने कहा कि धर्म प्रधान देश भारत मे विधि विधान का बहुत महत्व है चाहे वह कोई भी सम्प्रदाय हो सभी अपने अपने तरीके से विधि विधान का आनन्द लेते हैं। उन्होंने जैन धर्म की विशेषता बताते हुए कहा कि वह क्रिया की अपेक्षा भावनाओं पर अधिक बल देता है। इस अवसर पर जैन समाज के मीडिया प्रभारी विमल जौंला ने श्रद्धालुओं को कहा कि आज की इस पावन बेला में नेमीनाथ प्रभु ने गिरनार पर्वत से ब्रह्ममुहुर्त में परमात्म पद को प्राप्त किया था, सिद्धालय में विराजमान हुए थे इसलिए आज के दिन को निर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है इस दौरान हेमचंद संधी अशोक बिलाला शिखरचंद काला पारसमल सांवलिया महावीर प्रसाद छाबड़ा सुरेन्द्र टोंग्या पुनीत संधी सुरेश लुहाड़िया बाबूलाल जैन ज्ञानचंद पवन टोंग्या विजय जैन महेन्द्र जैन नरेंद्र जैन वीरु जैन सहित सभी श्रद्धालुओं ने भगवान नेमीनाथ को निर्वाण लाडू चढ़ाया और पूजा अर्चना की।

# 101वां कन्यादान कार्यक्रम संपन्न, एक साथ 5 कन्याओं का भरा मायरा

**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**




ब्यावर। श्रीमद् भागवतत्र प्रभात फेरीत्र परिवार द्वारा आज रविवार को प्रातः स्थानीय रघुनाथ जी के बड़े मंदिर पर परिवार के संरक्षक ओम प्रकाश घीया, संयोजक संजय घीया व ब्यावर तहसीलदार लाला राम, बजर बट्टू मंदिर महंत फतह गिरी महाराजके सानिध्य में प्रभात फेरी परिवार द्वारा 101वाँ कन्यादान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके तहत तीन चयनित परिवार की 5 विवाह योग्य कन्याओं का श्रीमद् भागवत परिवार द्वारा मायरा भरा गया भागवत परिवार द्वारा कन्या को डबल बेड पलंग, गद्दे, ,,टेबल कुर्सी, ,पंखा ,प्रेस, ,कूकर , स्टील की टंकी, पानी के केन , सोने चांदी के आभूषण, गो माता,तथा घरेलू रसोई के सामान, स्टील के बर्तन,शादी का बेस ,11 अन्य बेस तथा अन्य सभी दैनिक जरूरत की वस्तुएँ मायरा स्वरूप भेंट की गई । परिवार द्वारा पहली बार एक साथ 5कन्याओं का मायरा भरा गया,इस अवसर पर परिवार के भजन गायकों द्वारा मायरे के भजनों की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात प्रसाद वितरण कर दुल्हन की विदाई के साथ संपन्न हुआ । इस अवसर पर ओम प्रकाश घीया, संजय घीया, गोविंद शर्मा, रामप्रकाश भूतड़ा,राजेंद्र गर्ग,सत्यनारायण असावा,राजेंद्र गंगवाल,कैलाश भंसाली,. छ. रँर्,राधाकृष्ण टोडवाल, महेंद्र शर्मा,प्रभात कुमार तिवाड़ी, वैभव घीया,हरिप्रसाद कुमावत, राजू भाई शर्मा, किशोर साहू, राम नारायण ढानी ,अतीन राठी,प्रकाश भाई, जितेंद्र मुंदडा , संदीप अग्रवाल , सतनारायण सोनी ,जयकुमार, हरीश सांखला, ओम प्रकाश साँखला, राजू गहलोत, मादुराम सैनी, देवराज मित्तल प्रेम नारायण राठी, विजय गुलबानी, कमल मंडोरा, सुरेश मराठा, सूर्यकांत शर्मा, विजय चावड़ा, ओम प्रकाश शर्मा, सुधीर जेथलिया, नवल सोमानी, विकास बुरड़, पनजी सोनी, बंटी बंसल, सुनील सिंघल, लक्ष्मी देवी,बिमला देवी घीया, रेनू घीया, दिव्या घीया ,कालू सिंह चौहान , गोपाल डानी , दिनेश गहलोत , तरुण उत्तमचंदानी ,सतीश गर्ग, गोरव सक्सेना, गणपत परिहार, सुनीता देवी, कौशल्या देवी, जय माता दी,शकुंतला देवी, कौशल्या गहलोत आदि कन्यादान कार्यक्रम में मौजूद थे।